हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## तीसरी बार टी-20
# विजेता भारत
### लगातार दूसरी बार कप जीतने वाली पहली टीम
**स्कोर : भारत : 255/5**
**न्यूजीलैंड : 159/10**

## देश में जश्न जमकर हुई आतिशबाजी

# हम चैंपियन थे और चैंपियन हैं

**2007 2024 2026**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी–20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। रनों का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई।

### भारत ने बनाए रिकॉर्ड ही रिकॉर्ड

- टीम ने 7.2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। उन्होंने इंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

### बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच सैमसन ऑफ द सीरीज रहे

फाइनल मुकाबले में 15 रन देकर 4 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं, 5 मैच में 3 फिफ्टी के सहारे 321 रन बनाने वाले संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया।

## जीत के चार हीरो : न्यूजीलैंड चारों खाने चित्त



**संजू सैमसन**

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 89 | 47 | 05 | 08 |



**अभिषेक शर्मा**

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 52 | 21 | 06 | 03 |



**ईशान किशन**

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 54 | 25 | 04 | 04 |



**जसप्रीत बुमराह**

| ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| 04 | 0 | 15 | 04 |

**रिकॉर्ड नहीं नहीं मिथक भी तोड़ डाले**

पहली बार कोई मेजबान टीम बनी टी 20 विजेता

पहली बार मौजूदा चैंपियन ने अपना खिताब बचाया

अहमदाबाद में बड़े मैचों में हार का मिथक तोड़ा

## ये इनामी राशि

| स्थान | राशि |
|---|---|
| विजेता | 27.50 करोड़ |
| उपविजेता | 14.67 करोड़ |
| सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें | 7.24 करोड़ |
| पांचवें से 12वें स्थान की टीमें | 3.48 करोड़ |
| 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली टीमें | 2.29 करोड़ |

खेल पेज भी पढ़ें

## भावुक हुए कप्तान सूर्यकुमार, पिच की मिट्टी चूमी और माथे पर लगाई



टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। जैसे ही आखिरी विकेट गिरा और भारत की जीत पक्की हुई, 'मिस्टर 360' का एक अलग ही रूप मैदान पर देखने को मिला। बल्लेबाजी में किस्मत भले ही उनका साथ नहीं दे सकी, लेकिन कप्तान के रूप में मिली इस बड़ी उपलब्धि ने उन्हें भावुक कर दिया। मैच खत्म होते ही जश्न मनाने से पहले सूर्यकुमार सीधे पिच की ओर बढ़े। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच से मिट्टी उठाई, उसे चूमा और अपने माथे से लगाया।

### शाबास! टीम इंडिया



पीएम मोदी ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, चैंपियंस! आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने लिखा, यह शानदार जीत उनके असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीमवर्क को दर्शाती है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने बेहतरीन जज्बा दिखाया। उन्होंने लिखा, इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबास! टीम इंडिया।

## खबर संक्षेप

### विदेशों से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था। *एजेंसी*

### जम्मू-कश्मीर : आतंकी की संपत्ति जब्त की गई

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकी सरगना की राजौरी जिले के मांजकोट इलाके में स्थित अचल संपत्ति जब्त कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति में घोषित अपराधी शफीक अहमद की सात मरला जमीन शामिल है, जो नाइका पंजग्रेन गांव का निवासी है। उन्होंने कहा कि अहमद सीमा पार करके पाकिस्तान चला गया है और वर्तमान में वहीं से अपनी गतिविधियां चला रहा है। *एजेंसी*

## ईरान में सुप्रीम लीडर पर सहमति, इजराइल बोला-हर उत्तराधिकारी को बनाएंगे निशाना

### मुजतबा को नए सुप्रीम लीडर के रूप में नहीं करेंगे स्वीकार : ट्रंप

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है। इस बीच, इजराइली सेना (आईडीएफ) ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वे मुजतबा को नए सुप्रीम लीडर के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

**बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी**

*(संबंधित खबर पेज 8 पर)*

### सऊदी में हमला भारतीय की मौत

सऊदी अरब के अल-खार्ज इलाके में रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। हमले में 12 अन्य बांग्लादेशी घायल हुए हैं। सऊदी सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से इससे इमारत को नुकसान पहुंचा और आसपास अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि उसने अल-खार्ज समेत कई स्थानों पर रडार सिस्टम को निशाना बनाया है।

## शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला



चलती ट्रेन में चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश

**प्रयागराज (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। आशुतोष महाराज ने बताया-मैं रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहा था। फर्स्ट एसी कोच में बैठा था। रास्ते में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 5 बजे टॉयलेट के लिए उठा। बाहर गेट पर एक आदमी खड़ा था। आगे बढ़ा तो उसने पीछे से हमला कर दिया। धारदार हथियार से उसने मेरी नाक काटने की कोशिश की। चेहरे और हाथ पर कई वार किए। गंभीर चोटें आईं। काफी खून बहा। आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक, वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे और ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर लिया। वहीं से जीआरपी को फोन करके घटना की जानकारी दी।

## राष्ट्रपति दौरा विवाद : गृहसचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट



**कहा–वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था**

ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था

**भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी कहा था कि ये शर्मनाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

### ऐसे समझिए पूरा मामला

राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

*(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

## अनिल अंबानी पर एफआईआर, पीएनबी से 1,085 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप



रिलायंस को क्रेडिट फैसिलिटी देने के लिए उकसाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर की गई है। आरोप है कि 2013 से 2017 के बीच अनिल और उनकी कंपनी ने बैंक से 1,085 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी की है। एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रची और बेईमानी से बैंकों को रिलायंस को क्रेडिट फैसिलिटी देने के लिए उकसाया। शिकायत के मुताबिक, लोन खातों को 2017 में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घोषित कर दिया गया था। बैंक ने यह भी बताया कि बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के बाद फरवरी 2021 में अकाउंट को फ्रॉड घोषित कर दिया गया था।

## उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हेलीकॉप्टर की श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। राज्यपाल गैरसैंण में विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए जा रहे थे। सोमवार से गैरसैंण में विधानसभा का सत्र शुरू होना है, जिसमें बजट भी पेश किया जाना है। राज्यपाल गुरमीत सिंह रविवार दोपहर देहरादून से हेलीकॉप्टर से गैरसैंण के लिए रवाना हुए थे। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी का संकेत मिला। इसके बाद एहतियात के तौर पर हेलीकॉप्टर को श्रीनगर के जीवीके हेलीपैड पर उतार लिया गया।

## नीतीश के बेटे निशांत ने जदयू ज्वाइन की बोले- पापा के काम को आगे ले जाऊंगा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार 8 मार्च यानी रविवार को जदयू की सदस्यता ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। ललन सिंह ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद निशांत ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छुए। निशांत ने कहा, 'मैं पार्टी के लिए मेहनत से काम करूंगा। मेरे पिताजी ने 20 साल में जो काम किए हैं, मैं उन्हें आगे बढ़ाऊंगा। राज्यसभा जाने का फैसला मेरे पिताजी का है। बिहार की जनता और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। इससे पहले निशांत में अपने पिता नीतीश की स्टाइल में हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। वे सफेद कुर्ते और क्रॉक्स चप्पल में पहुंचे। इस दौरान नीतीश कुमार और निशांत कुमार जिंदाबाद के नारे लगते रहे।



**नीतीश के स्टाइल में हाथ जोड़कर अभिवादन किया**

## प्रधानमंत्री ने राजधानी में 33500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट किए शुरू

# 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन, 3 मेट्रो लाइनों की नींव रखी, मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

### मेट्रो नेटवर्क बढ़कर हो जाएगा 375 किमी

*मोदी ने कहा कि आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और तीन और मेट्रो लाइनों की नींव रखी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कई ज़रूरी जगहों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। अब सरकार मिशन मोड में दिल्ली की समस्याओं का समाधान कर रही है।

### हजारों लोगों को होगा फायदा

हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।



### 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन

पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।



## खबर संक्षेप

### आईसीएआई भवन में मना महिला दिवस

**चंडीगढ़।** आईसीएआई की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की चंडीगढ़ शाखा द्वारा आईसीएआई भवन, चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण तथा पेशेवर विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीए साहिल गर्ग, उपाध्यक्ष सीए रचित गोयल, सचिव सीए साहिल मित्तल, निकासा अध्यक्ष सीए संजीव कुमार तथा कार्यकारी सदस्य सीए शुभम मोंगा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### पंजाब का बजट देश के लिए मिसाल : गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने रविवार पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट महिलाओं के सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण और आम लोगों की उम्मीदों को मजबूत करने वाला बजट है।डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अरविंद केजरीवाल की एक और गारंटी को पूरा करते हुए पंजाब सरकार ने राज्य की लगभग 97% महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यह दिखाता है कि आम आदमी पार्टी जो वादा करती है, उसे समय पर पूरा भी करती है।

### भाविका और शगुन ने पास की यूपीएससी की परीक्षा

**चंडीगढ़।** शहर की भाविका चोपड़ा और कुरुक्षेत्र से शगुन मेहरा ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग प्रतिष्ठित परीक्षा पास कर प्रदेश और माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिसमें भाविका चोपड़ा देश भर में 25 वा स्थान है जबकि शगुन मेहरा 618 रैंक हासिल किया है।
चंडीगढ़ सेक्टर 4 मकान नंबर 7 की रहने वाली भाविका चोपड़ा ने यूपीएससी में 25वा रैंक प्राप्त किया है । माता-पिता और आईएएस अधिकारी केशनी आनंद अरोड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भाविका ने बताया कि अगर दृढ़ भाविका ने बताया कि इस सफलता
के पीछे उनके माता-पिता और आईएएस अधिकारी केशनी आनंद अरोड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिन्होंने हर अवसर पर उनका मार्गदर्शन किया है।भाविका ने बताया कि अगर दृढ़ निश्चय हो तो हर सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः मुख्यमंत्री ने लाडो लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व हर घर-हर गृहिणी योजना के चेक बांटे

# महिलाओं को नौकरी देने वाली कंपनियों को अतिरिक्त सब्सिडी देगी सरकार : सीएम

■ मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ स्टार्टअप्स को भी 3 करोड़ रुपये की सीड-मनी के चेक वितरित किए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि हरियाणा में महिलाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर की शुरुआत करने के अलावा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पांचवीं किश्त के 200 करोड़ 77 लाख रुपये , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कुल 1 हजार 338 करोड़ 61 लाख रुपये तथा हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 20 करोड़ 21 लाख रुपये पात्र महिलाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित किए। उन्होंने स्टार्टअप्स को भी 3 करोड़ रुपये की सीड-मनी के चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में सेंड आर्ट शो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व उपलब्धियों की झलक दिखी। नायब सिंह सैनी ने समारोह में उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज एक ओर जहां पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, वहीं दूसरी ओर हरियाणा की ऐतिहासिक धरती पानीपत पर शुरू हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर को शुरू करने को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम बताया।





### पांच करोड़ से वर्कप्लेस सेफ्टी फंड बनाया

उन्होंने बताया कि सरकार ने इसके लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्कप्लेस सेफ्टी फंड बनाने का प्रावधान किया है। इसके साथ ही एक पोश सेल और एक विशाखा पोर्टल भी बनाया जाएगा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पहले पानीपत की ऐतिहासिक धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत करने पर आभार जताते हुए कहा कि लिंगानुपात वर्ष 2014 में 871 था, वह अब 923 हो गया है। और आज हरियाणा बेटियों को आगे बढ़ाने वाले प्रदेश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत की धरा से ही 9 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया था जिसके तहत प्रदेश की 9 हजार 656 बहन-बेटियां बीमा सखी बनकर अपना करियर आगे बढ़ा रही हैं।

### महिला उद्यमिता मंच से मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता मंच नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की संख्या 61 प्रतिशत करने में कारगर सिद्ध होगा। आज 16 उद्यमशील माताओं-बहनों को स्टार्टअप हेतु दी जाने वाली मदद के चेक वितरित किएहैं। साथ ही, महिला उद्यमियों के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। यह मंच उन बहनों के लिए एक वरदान साबित होगा, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मंच महिलाओं को बाजार की नई तकनीक और मार्केटिंग की बारीकियों से रूबरू कराएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को इस महिला उद्यमिता मंच जुडकर इसका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

### नमो ड्रोन दीदी योजना में पांच हजार को दिया प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 500 स्वयं सहायता समूह की 5 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। सांस्कृतिक रूप से भी महिलाओं को जोडने के लिए प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जा रहे हैं। अब तक 500 सांस्कृतिक केंद्र खोले गए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने भी इस अवसर पर महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि जब तक महिला सशक्त नहीं होगी तब तक समाज सशक्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन नंबर, एनिमिया-मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों से सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर विधायक श्री गोकुल सेतिया ने भी विचार रखे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कमिश्नर एवं सचिव शेखर विद्यार्थी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग और महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक प्रियंका सोनी, उपायुक्त शांतनु शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## होला मोहल्ला साहस, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक



■ नामधारी समाज का इतिहास त्याग, बलिदान और देशभक्ति की प्रेरणादायक गाथा : मुख्यमंत्री

**सिरसा।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सिरसा जिले के नामधारी गुरुद्वारा श्री जीवननगर में आयोजित भव्य होला मोहल्ला कार्यक्रम में शिरकत की और संत समाज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में आई नामधारी संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन आश्रम में आयोजित गौरवशाली पर्व होला मोहल्ला के अवसर पर आप सबके बीच आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने संत दिलीप सिंह जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए कहा कि संत समाज प्रेम, सेवा, भाईचारे और आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज को जोड़ने का महान कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होला मोहल्ला केवल एक उत्सव नहीं बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, वीरता और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में साहस और भक्ति दोनों के संतुलन की प्रेरणा देता है।

### मस्तानगढ़ डेरे में सतगुरु उदय सिंह से आशीर्वाद लिया



# विधानसभा पर ड्रोन हमले की धमकी ईमेल मिलने पर चला सर्च ऑपरेशन

**चंडीगढ़।** आए दिन धमकियों और ईमेल का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस प्रशासन भी बाहर विदेशों में बैठे लोगों द्वारा की जा रही हरकतों के कारण खुद को इस मामले में पंगु मान रहे हैं। इस बार रविवार के दिन पंजाब विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रविवार को चंडीगढ़ में सुरक्षा एजेंसियों में यह धमकी मिलने के बाद में हड़कंप मच गया। धमकी ई-मेल के जरिए भेजी गई, जिसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और खुफिया एजेंसियां तुरंत अलर्ट पर आ गईं और विधानसभा परिसर में व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया।

### पंजाब विस का बजट सत्र चल रहा था

विधानसभा को भेजे गए ई-मेल में दावा किया गया कि कार में लगाए आईईडी या ड्रोन के जरिए हमला किया जा सकता है। इसमें दोपहर लगभग एक बजे के विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। ई-मेल में कथित तौर पर खालिस्तान नेशनल आर्मी का नाम भी लिखा गया है। धमकी उस समय आई जब पंजाब विधानसभा का बजट सत्र चल रहा था और मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री और विधायक विधानसभा परिसर में मौजूद थे। इसके कारण सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत स्थिति को गंभीर मानते हुए अतिरिक्त सुरक्षा तैनात कर दी। हालांकि सर्च ऑपरेशन में कुछ नहीं मिला। ई-मेल भेजने वाले की तलाश--पुलिस और साइबर टीम उस ई-मेल के आईपी एड्रेस और लोकेशन का पता लगाने में जुटी हैं, ताकि धमकी भेजने वाले व्यक्ति या संगठन की पहचान की जा सके। यहां पर बता दें कि पिछले कुछ महीनों में चंडीगढ़, मोहाली और पंजाब के कई स्कूलों, सचिवालय और सरकारी संस्थानों को भी ई-मेल के जरिए बम धमकी मिल चुकी है। अधिकांश मामलों में बाद में जांच में धमकी फर्जी पाई गई, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां हर सूचना को गंभीरता से ले रही हैं।

### टटीरी सॉन्ग विवाद प्रदेश में सेंसर बोर्ड बनाने की मांग

**चंडीगढ़।** गायक बादशाह के नए गाने टटीरी को लेकर भाजपा युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह ने चेतावनी दे दी है।कर्ण प्रताप सिंह ने रैपर बादशाह के नये गाने को बेहद आपत्तिजनक एवं हरियाणा प्रदेश की अस्मिता पर प्रहार बताते हुए सरकार के समक्ष इसको बैन करने की बात रखी। उन्होंने कहा कि इस गाने में गायक के बोल हरियाणा प्रदेश की बेटियों के प्रति बेहद आपत्तिजनक हैं और इसके फिल्मांकन में भी हरियाणा प्रदेश की छवि को दागदार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रैपर और गायक बादशाह के नए गाने में बच्चियों को हरियाणा के सरकारी स्कूल वर्दी पहने रोड़वेज के जींद डिपो की बस पर चढ़कर नाचते हुए दिखाया है।

# करनाल डॉक्टर थप्पड़ केस में छह पुलिसकर्मी सस्पेंड, हड़ताल वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

एसएचओ दीपक ने डॉ. प्रशांत को जड़ दिया था थप्पड़

घरौंडा के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत को थप्पड़ मारने के मामले में 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले में थप्पड़ मारने वाले एसएचओ दीपक पहले ही सस्पेंड किए जा चुके हैं। रविवार को डीसी उत्तम सिंह से मीटिंग के बाद मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल भी खत्म कर दी। एसोसिएशन का कहना है कि अभी पूरी तरह न्याय नहीं मिला है, इसलिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। विवाद 4 मार्च को होली के दिन शुरू हुआ। रात को डॉक्टर से गलत व्यवहार करने को लेकर अस्पताल में पुलिस बुलाई गई थी। इस दौरान घरौंडा थाने के तत्कालीन एसएचओ दीपक कुमार ने डॉक्टर प्रशांत को थप्पड़ जड़ दिए और जबरन जिप में बिठाकर थाने ले गए। इसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था। हालांकि, बाद में एसएचओ ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने फोन पर उनके साथ गाली गलौज की थी।

### पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया

मेडिकल एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अनिल यादव ने कहा कि उनकी मुख्य मांग एसएचओ और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की थी, लेकिन अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। एसपी ने भी मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। करनाल रेंज एडीजीपी से भी मुलाकात की गई, लेकिन वहां से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

## आईडीएफसी घोटाले में दो और गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** आईडीएफसी बैंक खातों से रकम निकालकर गोलमाल करने के मामले में अभी भी एसीबी की कार्रवाई जारी है। बैंक खातों से हुए 590 करोड़ के घोटाले की जांच व आरोपितों की धरपकड़ चल रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अब चंडीगढ़ स्थित एयू स्मॉल बैंक के रीजनल हेड अरुण शर्मा और आईडीएफसी बैंक की ऑथराइजर सीमा धीमान को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 10 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीमा धीमान पर आरोप है उसने मुख्य आरोपितों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज बनाने में सहयोग किया है। अरुण शर्मा ने भी मुख्य आरोपी अभय और रिभव की मदद की है, जिसके लिए उसने 10 करोड़ लिए।

## बिजली संशोधन बिल को लेकर कर्मचारी गरम

**चंडीगढ़।** बिजली संशोधन बिल को लेकर केंद्र सरकार और बिजली कर्मचारी संगठन आमने-सामने आ गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा बिजली निजीकरण के इस बिल को 10 मार्च को संसद में पेश करने की संभावना है। बिल को पारित होने से रोकने के लिए बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईईई) ने भी कमर कस ली है और दस मार्च को कामकाज ठप्प कर देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है।

### कल दिल्ली में सम्मेलन करेंगे

राष्ट्रीय समन्वय समिति के संयोजक एवं इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के महासचिव सुदीप दत्ता, उपाध्यक्ष सुभाष लांबा व सुरेश राठी ने बताया कि बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर ने इस बिल को पारित होने से रोकने के लिए 10 मार्च को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के संसदीय दल के नेताओं (सांसदों) को आमंत्रित किया है। जिसमें समन्वय समिति के सदस्य उन्हें बिल के पारित होने के बाद किसानों, उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और राष्ट्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देंगे और संसद में बिल पेश होने पर इसका विरोध करने का आग्रह करेंगे।

## भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता को किया सुदृढ़ : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भूमि प्रशासन में पारदर्शिता और सटीकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के एक समान नामकरण को लागू करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे भूमि स्वामित्व से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करने में मदद मिलेगी और सार्वजनिक भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता तथा जवाबदेही को मजबूती मिलेगी। डॉ. मिश्रा ने यहां आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थे। उन्होंने कहा कि जमाबंदी अभिलेखों में स्वामित्व और खेती संबंधी प्रविष्टियों का मानकीकरण बेहतर प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दुबई में दस दिन तक फंसे रहे विशाल सेठ, बोले-हालात तेजी से बिगड़ रहे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के भाजपा नेता 10 दिन तक पत्नी के साथ दुबई में फंसे रहने के बाद आखिरकार भारत लौट आए। विशाल सेठ वहां छुट्टियां मनाने गए थे, लेकिन तभी ईरान-इजराइल युद्ध शुरू हो गया और दुबई में मिसाइलें बरसने लगीं। अब स्वदेश वापसी हुई तो भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी दुबई यात्रा के किस्से बताए। पंचकूला में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता ने बताया कि वो पत्नी के साथ 23 फरवरी को दुबई घूमने गए थे। 28 फरवरी को जब लौट रहे थे तभी 2 मिसाइलें हवा में टकराई और आग का गुब्बार दूर तक दिखा। अचानक मोबाइल पर अलर्ट मैसेज भी आया तो ड्राइवर ने वापस होटल का रूख कर लिया। इरान के हमले के बाद दुबई में हालात बिगड़ गए। वहां खाने और दवाई तक के लाले पड़ गए। कीमतें आसमान छूने लगीं। इसके बाद दुबई के एयरपोर्ट पर भी हमला हुआ तो उनकी वापसी टल गई। यहां तक की उन्हें वापसी की टिकट 10 गुना महंगे रेट में करीब डेढ़ लाख रुपए में मिली।

## कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध बोले

**पद प्रतिष्ठा के लिए नहीं समाजसेवा के लिए राजनीति में आया हूं**

# टिकट के लिए नेताओं के चक्कर नहीं काटे, राहुल गांधी ने भरोसा जताया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद पूर्व सचिवालय कर्मचारी कर्मवीर बौद्ध ने प्राथमिकताओं, प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर मीडिया से खुलकर बातचीत की है। कर्मवीर का मानना है कि राजनीति उनके लिए किसी पद या प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का रास्ता है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है, जिसे वह पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। बौद्ध ने कहा कि उन्होंने कभी भी टिकट के लिए किसी नेता के चक्कर नहीं काटे। यह पार्टी नेतृत्व का विश्वास है कि उन्होंने स्वयं उन्हें इस जिम्मेदारी के योग्य समझा। राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर कर्मवीर बोध ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह विशेष रूप से राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद सैलजा और रणदीप सिंह हुड्डा के आभारी हैं। बौद्ध ने कहा कि मैं सड़क का आदमी हूं। मेरे जैसे साधारण व्यक्ति पर राहुल गांधी ने भरोसा जताया है। यह मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।"

### वोटिंग में गड़बड़ी नहीं होने देंगे



पिछले राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के प्रश्नों पर कर्मबीर बौद्ध ने कहा कि अब हालात बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर कांग्रेस के 37 के 37 विधायक एकजुट होकर उनके नामांकन में पहुंचे थे। अब वह दौर चला गया जब गड़बड़ी होती थी। इस बार किसी प्रकार का कोई खेल न हो, इस पर हमारी पूरी नजर है।राज्यसभा चुनाव में भारी खर्च की चर्चाओं पर कर्मवीर ने कहा कि वह साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और पूरी जिंदगी उन्होंने और उनकी पत्नी ने सरकारी सेवा में रहते हुए गरीबों के लिए काम किया है, चर्चाएं तो कुछ भी हो सकती हैं, लेकिन मेरा जीवन सार्वजनिक सेवा से जुड़ा रहा है। राज्यसभा में जाने के बाद प्राथमिकताओं के बारे में बोध ने कहा कि वह प्रदेश और देश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से संसद में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद का दायित्व केवल किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं होता, बल्कि पूरे समाज के लिए काम करना होता है।

### ब्यूरोक्रेसी को सम्मान और सुरक्षा मिले

प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा के मुद्दे पर बोध ने कहा कि हाल की कुछ घटनाओं से यह चिंता पैदा हुई है कि अधिकारी खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। किसी भी राज्य के सुचारू संचालन के लिए जरूरी है कि ब्यूरोक्रेसी को सम्मान और सुरक्षा मिले, ताकि अधिकारी बिना डर के अपना काम कर सकें। कर्मवीर बौद्ध ने दिवंगत वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि अगर किसी पुलिसकर्मी की आत्महत्या के बाद उसकी बेटी को गजेटेड पोस्ट पर नियुक्ति मिल सकती है, तो एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के परिवार के साथ अलग व्यवहार क्यों।

## निर्दलीय प्रत्याशी सतीश नांदल ने बिगाड़े समीकरण

**जिंदगी में सदा संघर्ष करना सीखा, पशु चराए व नौकरी की**

# लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने का हक, सभी से वोट की अपील करूंगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए जहां कांग्रेस से कर्मवीर बौद्ध और भाजपा के संजय भाटिया मैदान में उतरे हैं। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने इसमें निर्दलीय उतरकर रोचक चुनाव कर दिया है। सतीश नांदल का कहना है कि सभी का अधिकार है। तीन निर्दलीय विधायकों ने मुझे समर्थन दिया है, मैं इसके अलावा सभी के पास जा रहा हूं सबसे वोट की अपील करुंगा। गरीबी देखी है, पशु भी चराए नौकरी भी की, हर दौर देखा है, इसलिए अब सेवा करने के लिए राज्यसभा जा रहा हूं। लंबे समय से राजनीति कर रहे सतीश नांदल का कहना है कि सियासत और लोकतंत्र में सभी समान हैं, कोई भी हिस्सा ले सकता है। सतीश नांदल का कहना है कि राजनीति में दिग्गज कोई नहीं होता बल्कि जनता बनाती है। मैंने 2007 से विधिवत राजनीति की शुरुआत की थी, इनेलो में लंबे समय काम किया। हालांकि शुरुआत से ही मेरी रुचि रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी सियासी व्यक्ति हो चुनाव आते रहते हैं, उसकी तैयारी रखनी चाहिए। चुनाव में कुछ भी हो सकता है। हम पूरी तरह से तैयार है।

### विधायक विवेक से फैसला करेंगे



राज्यसभा की दो सीटों पर तीसरे निर्दलीय उम्मीदवार का कहना स दावेदार तीन होने के कारण मुकाबला जहां एक ओर रोचक बन गया है। नांदल का कहना है कि सियासी सिस्टम बहुत ही बढ़िया है, प्रजातांत्रिक प्रणाली के तहत आगे बढ़ रहा हूं, हार जीत तो चलती रहती है। आंकड़े तो लोग बनाकर दिया करते हैं। विधिवत तौर पर प्रत्याशी हूं, पहले लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुका हूं, हार जीत अलग कैसे है। राज्यसभा में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर खड़े सतीश नांदल का कहना है कि कांग्रेस से कई लोगों के नाम चल रहे थे। बौद्ध आएं अथवा उदयभान आएं कोई भी उतारे पार्टी का हक है। इस बात से मुझे कोई लेना देना नहीं हैं। अगर हर कोई यह सोच ले कि हार जाएंगे, तो चुनाव मैदान में ही उतरेगा। लोकसभा और विधानसभा में जनता सीधे फैसला करती है, यहां पर जनता के चुने हुए आते हैं, इसलिए वे भी अपनी आत्मा के आधार पर वोटिंग करेंगे। कोई भी चुनाव जीतना राजनीति नहीं होती, परमात्मा आगे जैसे जैसे चला रहा है, वैसे चल रहे हैं।

### पूर्व सीएम के सामने तीन बार चुनाव लड़ा

नांदल का कहना है कि मैने तीन चुनाव पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने चुनाव लड़े हैं, भले ही हार गया लेकिन जनता ने मुझे बहुत कुछ दिया है। राज्यसभा की जहां तक बात है, तीन निर्दलीय दिग्गज विधायकों सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान, राजेश जून सभी ने मुझे समर्थन दे दिया है। निर्दलीय होकर वे सदन में अपनी बात रख रहे हैं, फिर राज्यसभा में निर्दलीयों के तौर पर हरियाणा की बात करूंगा। सभी विधायकों से वोट की अपील करूंगा भाजपा संगठन में पद होने के सवाल पर सतीश नांदल का कहना है कि पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष हूं लेकिन संगठन और सरकार अलग बात है।

खबर संक्षेप

## सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने पर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो डालकर आमजन में दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम नागपुर बस अड्डा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि समनदीप उर्फ दीप उर्फ सोपू पुत्र मिठू सिंह निवासी गांव मढ़, रतिया पिस्टल व अन्य हथियार लेकर फोटो-वीडियो बनाकर उन्हें इंस्टाग्राम पर अपलोड करता है, जिससे आमजन में भय व दहशत का माहौल बन रहा है। आरोपी द्वारा 2024 में 3 दिसंबर, 12 दिसंबर, 24 दिसंबर और 26 दिसंबर को पोस्ट डाली थी।

## लंदन में रह रहा रिश्तेदार बनकर महिला से 20.35 रुपये लाख की ठगी

**पानीपत।** साइबर ठगों ने रिश्तेदार बनकर पानीपत की अग्रसेन कॉलोनी निवासी कुसुम परूथी को फर्जी रिश्तेदार बनकर इमोशनल ब्लैकमेल कर 20.35 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने स्वयं को कुसुम को उनका लंदन में रह रहा रिश्तेदार यश परूथी बताया और वीजा खत्म होने और लंदन की पुलिस के जुर्माने का डर दिखाकर झांसे में लेकर ठगी की। इधर, पीड़ित कुसुम ने भारत सरकार के साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

## पानीपत में नहर में डूबे युवकों के शव बरामद

**पानीपत।** फाग वाले दिन दिल्ली पैरलल नहर में बहे कर्ण व अंकुश के शव बरामद हुए हैं। बुधवार को होली खेलने के बाद 18 वर्षीय कर्ण निवासी न्यू शांति नगर, पानीपत मूल निवासी बहराइच, चचेरे भाई धनीराम के साथ दिल्ली पैरलल नहर में नहाने के लिए चले गए थे। इस दौरान कर्ण नहर में बह गया था। दूसरी ओर, पानीपत के शांति नगर का 14 वर्षीय अंकुश मूल निवासी पटना, बिहार भी नहर में बह गया था। रविवार सुबह सोनीपत पुलिस ने नहर में खुबड़ू झाल से कर्ण व अंकुश के शवों को बरामद किया।

### गत खरीफ सीजन में धान खरीद में हुए घोटाले के बाद प्रदेश सरकार अलर्ट, किया नया उपाय


# इस बार सरकार के यहां अंगूठा टिकेगा तो ही सरसों-गेहूं बिकेगा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

27 मार्च से सरसों की और एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर किसी भी तरह से आढ़ती और सरकारी कर्मचारी कोई गड़बड़-घोटाला न करें, इसके लिए सरकार ने उपाय किया है। उपाय यह है कि किसानों को इस बार मंडी के एंट्री गेट पास तभी जारी होंगे, जब किसान अपना अंगूठा बॉयोमीट्रिक मशीन पर लगाएगा। मशीन द्वारा किसान की पुष्टि होने के बाद सरकार का कर्मचारी किसान को फसल बेचने के लिए गेट पास इश्यू करेगा। ध्यान रहे कि बिना गेट पास के सरकार किसानों की फसल सरकारी रेट पर नहीं खरीदती है, लेकिन गत खरीफ सीजन में करनाल में धान खरीद को लेकर बड़ा घोटाला कर दिया। किसानों के नाम पर मंडी गेट से धान बिक्री के फर्जी गेट पास रिलीज कर दिए, जबकि किसान धान लेकर मंडी पहुंचे ही नहीं थे।

27 मार्च से सरसों की और एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद होनी है

बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठे से वेरीफिकेशन होने के बाद ही जारी होगा पास




### आधार कार्ड से लिंक होगी मशीन

मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जिस किसान ने पंजीकरण कराया है, केवल उसी को ही गेट पास जारी होगा। गेट पास लेने के लिए किसानों को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या फिर मोबाइल नंबर कर्मचारी को बताना पड़ेगा। यह सब बताने के बाद कर्मचारी बायोमीट्रिक मशीन पर किसान का अंगूठा लगवाएगा। मशीन आधारकार्ड से लिंक है। मशीन द्वारा वास्तविक किसान की पुष्टि होने के बाद सरसों और गेहूं बेचने के लिए गेट पास जारी किया जाएगा। अगर अंगूठे के निशान मैच नहीं हुए तो किसी भी सूरत में गेट पास ईश्यू नहीं होगा। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रणाली से फर्जी खरीद, बिचौलियों की भूमिका और कागजी लेनदेन में गड़बड़ी पर काफी हद तक रोक लगेगी। साथ ही मंडियों में खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बनेगी। सरकार का मानना है कि डिजिटल रिकॉर्ड, सीसीटीवी निगरानी और बॉयोमीट्रिक सत्यापन जैसे उपायों से भविष्य में खरीद प्रणाली में होने वाले घोटालों को रोकने में मदद मिलेगी।

### करनाल में यह हुआ था घोटाला

करनाल में धान खरीद से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया था, जिसमें सरकारी रिकॉर्ड में फर्जी तरीके से धान की खरीद दिखाकर करोड़ों रुपये की अनियमितता किए जाने का आरोप है। मामले की प्राथमिकत जांच करने के बाद कई अधिकारियों और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया है कि धान खरीद के दौरान बड़ी संख्या में फर्जी गेट पास जारी किए गए और सरकारी रिकॉर्ड में ऐसे धान की आवक दिखा दी गई जो वास्तव में मंडियों में आया ही नहीं था। इस प्रक्रिया के जरिए सरकारी खरीद प्रणाली में हेरफेर कर बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। पुलिस के अनुसार इस घोटाले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, मार्केट कमेटी और वेयरहाउस से जुड़े कुछ अधिकारी और कर्मचारी शामिल पाए गए हैं।अब तक कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें पूर्व जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सहित मार्केट कमेटी के कुछ सचिव भी शामिल हैं। जांच एजेंसियों का कहना है कि इस घोटाले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी रिकॉर्ड में लाखों क्विंटल धान की खरीद दर्शाई गई। प्रारंभिक जांच में करीब 1.78 लाख क्विंटल धान की फर्जी खरीद और करोड़ों रुपये के लेनदेन की बात सामने आई है।

### इस बार वजन भी इलेक्ट्रॉनिक कांटों से होगा

इस बार फसल के तोल में भी पूरी तरह से पारदर्शिता किसानों को दिखाई दे, इसलिए अबकि इलेक्ट्रॉनिक कांटों से फसल का तोल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि फसलों की खरीद-फरोख्त को लेकर खरीद एजेंसियों और दूसरे विभाग जो खरीद प्रक्रिया में शामिल होते हैं, उनकी गत 5 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई है, इसमें ही गेट पास और फसल का वेट इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से हो, इसके निर्देश जारी किए गए हैं। ध्यान रहे कि प्रदेश में 1581908 किसान हैं, जो मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण कराते हैं, उनसे ही सरकार समर्थन मूल्य पर फसलें खरीदती है।

### रंग फैक्टरी अग्निकांड : मृतक महिलाओं की संख्या 6 हुई, 12 घायल

# दो और ने दम तोड़ा, मृतकों के परिवार को 5 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों की गीता कालोनी में स्मॉग कैंडल तथा रंग गुलाल की अवैध फैक्टरी में विस्फोट से लगी आग में झुलसी दो और महिलाओं ने पीजीआई रोहतक में रविवार को दम तोड़ दिया। आगजनी की इस घटना में मरने वाली महिला मजदूरों की संख्या छह हो गई है। जबकि 12 मजदूर अभी भी अलग-अलग अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। शहर थाना सफीदों पुलिस ने फैक्टरी मालिक समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हुआ है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख व घायलों को 2 लाख देने की घोषणा की है।

सफीदों की गीता कालोनी में रंग व गुलाल बनाने की आड़ में विस्फोट सामग्री से केमिकल मिलाकर स्मॉग कैंडल बनाई जाती थी। शनिवार को फैक्टरी में लगी आग से सफीदों निवासी महिला मजदूर पूजा, पिंकी, गुड्डी व ऊषा की झुलसने से मौत हो गई थी। जबकि करीब 14 मजदूरों की गंभीर हालातों को देखते हुए उन्हें रेफर किया था। जिसमें दिग्गी मोहल्ला सफीदों निवासी सरिता (35) तथा धनपति (60) भी शामिल थी। रविवार को सरिता तथा धनपति ने उपचार के दौरान पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने दोनों मृतक महिलाओं के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। वहीं पुलिस ने फैक्टरी मालिक राकेश उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चार अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शहर थाना सफीदों प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसी दो और महिलाओं की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई है। अब घटना में छह महिलाओं की मौत हो चुकी है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।


मृतक सरिता तथा धनपति।

### सीएम ने घायलों को 2 लाख व जांच के दिए आदेश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सफीदों में स्थित रंग-गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में हुए दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में छह महिलाओं की मृत्यु हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को अस्पताल में बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उनके उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। राज्य सरकार ने संबंधित अस्पतालों को घायलों के समुचित इलाज के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को घटना की विस्तृत जांच करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## पिज्जा शॉप में बंधक बना युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो पर केस दर्ज

**जींद।** नरवाना शहर थाना इलाके में पिज्जा हट में युवती के साथ दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर पिज्जा शॉप चलाने वाले युवक समेत दो के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी गत 23 फरवरी को नजदीक ही पिज्जा शॉप पर पिज्जा खाने गई थी। जहां पिज्जा शॉप संचालक गांव सुंदरपुरा निवासी सुमित तथा उसके एक अन्य दोस्त ने उसकी बेटी को कमरे में बंधक बना लिया। जिसके बाद दोनों ने उसकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर आरोपितों ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। घटना का उस समय पता चला जब उसकी बेटी गुमशुम रहने लगी। जब उसने बेटी से दबाव देकर पूछा तो उसने सुमित तथा उसके दोस्त की करतूत के बारे में बताया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपित सुमित तथा उसके दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## राइस मिलर ने 34 गाड़ी चावल हड़पा, 3.98 करोड़ का चूना

- पार्टनर प्रेम चंद, इकबाल सिंह तथा गारंटर्स बी एस ट्रेडिंग और राधे ट्रेडिंग पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक राइस मिल मालिक का चार करोड़ का नया घोटाला उजागर हुआ है। नारायणगढ़ स्थित अंबे राइस मिल के संचालकों द्वारा सरकारी धान के गबन का मामला सामने आया है। मिल संचालकों ने मिलिंग के लिए सरकार से मिले 58,793 क्विंटल धान में से 9 हजार 234 क्विंटल चावल वापस नहीं किया, इससे सरकार को करीब 4 करोड़ रुपये की चपत लगी है। पुलिस ने जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक रहे आपार तिवारी की शिकायत पर मिल के पार्टनर प्रेम चंद व इकबाल सिंह सहित गारंटर बीएस ट्रेडिंग कंपनी व श्री राधे ट्रेडिंग कंपनी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शिकायत में आपार तिवारी ने बताया कि खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के तहत मिल को धान अलॉट किया गया था। नियमानुसार मिलर को 39,391 क्विंटल चावल जमा करवाना था लेकिन 30 सितंबर 2025 की अंतिम समय सीमा तक केवल 30,156 क्विंटल यानी 104 गाड़ियां ही जमा कराया गया। अभी भी 9,234 क्विंटल यानी 34 गाड़ी चावल बकाया है, जिसकी बाजार मूल्य के हिसाब से कीमत 3,97,63,603 रुपये बनती है। यह मामला उजागर होने पर विभाग ने सख्ती दिखाते हुए 29 दिसंबर 2025 को एक विशेष टीम गठित कर मिल की चल-अचल संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया था। अब विभाग ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पार्टनर प्रेम चंद, इकबाल सिंह तथा गारंटर्स बी एस ट्रेडिंग और राधे ट्रेडिंग के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

बता दें कि इससे पहले भी करीब एक माह पूर्व 16 फरवरी को मुलाना थाने में नारायणगढ़ के उपलाना गांव स्थित श्री कृष्णा राइस मिल पर 5.48 करोड़ रुपये के धान व चावल को खुर्द-बुर्द करने का मामला सामने आया था। विभाग के भौतिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राइस मिलर ने 14 हजार 8 क्विंटल यानी लगभग 49 गाड़ियां चावल सरकारी खजाने में जमा नहीं कराया। मुलाना थाना पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक महेश कुमार की शिकायत पर रामकरण, जसरत दोनों पार्टनर, गारंटर शिवम ट्रेडिंग कंपनी, जमीदारा ट्रेडिंग कंपनी पर केस दर्ज किया था।

# अमेरिका की बजाय ब्राजील में भेज दो को बनाया बंधक, 42 लाख की ठगी

- बंधक बनाकर आरोपियों ने मारपीट कर वीडियो परिजनों के भेजे व और रुपये ऐंठे
- पुलिस ने एजेंट के खिलाफ ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

पंजलासा व नबीपुर के दो युवकों से अमेरिका भेजने के नाम पर 42 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। शातिर एजेंट ने पैसे लेने के बाद एक नंबर में अमेरिका भेजने का झांसा देकर स्पेन के बाद ब्राजील भेज दिया। दोनों युवकों को ब्राजील में ही बंधक बनाकर मारपीट करते हुए वीडियो भेजने के बाद रुपये मंगवाए। बाद में दोनों युवक नवंबर 2024 में अपने खर्च से वापस लौटे। लंबी जांच के बाद पुलिस ने एजेंट कुलदीप सिंह छोक्कर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नबीपुर के जसविंद्र सिंह व पंजलासा के माम चंद ने बताया कि उनके बच्चे इटली गए थे। कुलदीप सिंह ने उन्हें अमेरिका भेजने का लालच देकर 42 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने बच्चों को चार महीने स्पेन में होटल में रखा और फिर ब्राजील भेज दिया। ब्राजील में उनके बच्चों को अगवा करवाकर एक कमरे में कैद कर दिया गया। आरोपी लगातार बच्चों की पिटाई कर वीडियो भेजकर पैसों की डिमांड करते रहे। परिजनों के 50 हजार रुपये देने पर भी बच्चों को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया गया। बच्चों को जान से मारने की धमकियां दी गई थीं। नवंबर 2024 में ही दो युवकों के लौटने के बाद एजेंट ने दोबारा विदेश भेजने के झांसा देकर लटकाए रखा। जब रुपये नहीं लौटाए तो केस दर्ज करवाया गया। अब पुलिस आरोपी एजेंट को तलाश रही है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## बहन का रिश्ता तुड़वाने को सोशल मीडिया पर बदनाम किया

**पानीपत।** रिश्ते में लगने वाली बहन की चाहत में पड़कर युवक ने उसका रिश्ता तुड़वाने की साजिश रची। किला थाना पुलिस ने शुभम निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश पर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। परिजनों द्वारा लड़की को शुभम से दूर किए जाने से वह नाराज हो गया था। इधर, युवती का रिश्ता तुड़वाने के लिए शुभम ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना ली और उस पर युवती के फोटो और वीडियो अपलोड कर उसे बदमान करने व रिश्ता तुड़वाने की चेष्टा की। इधर, पुलिस शुभम के फोन से की गई युवती के मामले को लेकर गतिविधियों की जांच कर रही हैं।

# गुरुग्राम में कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हीरो होंडा चौक के पास स्थित बिग बॉय टॉयज (बीबीटी) लग्जरी कार शोरूम पर शनिवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। शूटरों ने शोरूम में खड़ी लग्जरी गाड़ियों को भी निशाना बनाया। फायरिंग से शोरूम के मेन गेट के शीशे टूट गए। छत पर बनी सीलिंग में भी गोलियों के निशान मिले हैं। वहीं, एक ड्राइवर राजपाल छर्रे लगने से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, इस फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी वायरल हुई। इसमें हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुर की तरफ से फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई है। हालांकि इस पुष्टि के दावे की पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। शोरूम मालिक ने सेक्टर 37 थाने में मामले की शिकायत दी है। बताया गया है कि शोरूम मालिक को पहले भी हिमांशु भाऊ गैंग की तरफ से धमकी मिली थी।


इसी कार शोरूम पर चली थी गोली।

### पोस्ट में हिमांशु भाऊ व नीरज का नाम

पोस्ट में दावा किया गया है कि कल जो बीबीटी गुरुग्राम पर गोली चली है, वो हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुर ने चलवाई है। जतिन अहुजा को शायद बात समझ नहीं आई, तो अब अगर समझ गया तो ठीक है। नहीं तो, जो भी इसके किसी भी शोरूम पर आए, चाहे कोई एम्प्लॉई हो या कस्टमर, अपनी तैयारी करके आए। अगली बार गोली किसी को भी लग सकती है। हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

### 2024 में 5 करोड़ की रंगदारी मांगी थी

पुलिस जांच में सामने आया है कि बीबीटी कंपनी के मालिक को अक्टूबर 2024 में भाऊ गैंग की ओर से धमकी मिली थी। उस समय गैंग की तरफ से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

### झज्जर के हैं आरोपी

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि फायरिंग करने वाले आरोपियों की पहचान झज्जर जिले के कुलासी गांव निवासी अतुल, दीपक और नीरज के रूप में हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। एरिया में गश्त भी बढ़ाई गई है।

धर्म

### जींद के राधास्वामी आश्रम में संत साहेब ने गुरु की महिमा का बखान किया

# सत्संग से शारीरिक, मानसिक व आत्मिक तीनों कष्ट मिट जाते हैं : संत कंवर साहेब

नारद का प्रसंग सुनाकर बताया, बिना गुरु के किसी की गति नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आज इंसान का तन-मन और रूह तीनों दीन दुनिया के दुखों से घिरे हुए हैं और इन दुखों के कारण ही समाज विकृत होता जा रहा है। समाज की दशा और दिशा सुधारने के लिए आवश्यक है कि इन तीनों दुखों से निजात पाई जाए। इसका एकमात्र उपाय सत्संग है। क्योंकि सत्संग से इंसान के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तीनों कष्ट मिट जाते हैं। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने जींद के भिवानी रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में संगत की विशाल हाजरी के समक्ष फरमाए।

हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने कहा कि बिना गुरु के किसी की गति नहीं हुई। नारद जी का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि नुगरे का कोई मान नहीं होता। एक बार विष्णु भगवान क्रोधित हो गए और नारद को चौरासी लाख योनियां भोगने का श्राप दे दिया। नारद जी ने क्षमा मांगते हुए उनसे इसका उपाय पूछा। विष्णु जी बोले कि उपाय तो तेरा गुरु ही बता सकता है। नारद जी ने मछुआरे को गुरु बनाया और उसे सारी बात बताई। मछुआरा मुस्कराया और बोला कि एक कागज पर चौरासी लाख योनी लिख लो और फिर उस पर लेट लगाओ, तेरी चौरासी लाख योनियां कट जाएंगी। नारद जी ने जब यह बात विष्णु जी को बताई तो विष्णु जी बोले जिस गुरु पर आपने लेकिन लगाकर शंका जताई थी उसी गुरु ने एक क्षण में आपकी चौरासी लाख योनियां कटवा दी। हुजूर महाराज जी ने कहा कि गुरु पर शंका करोगे तो गिर जाओगे और गुरु पर विश्वास रखोगे तो तिर जाओगे। गुरु महाराज जी ने फरमाया कि कभी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाये हमारा मूलमंत्र होता था। इंसान इंसान के काम आता था। कोई लाखों में एक ही है जो सुखी है वरना कोई तन से दुखी है, कोई मन से तो कोई धन से। इनमें भी सबसे बड़ा दुख मन का है और ये दुख केवल संतों की संगत से ही मिट सकता है। उन्होंने कहा कि हर कर्म का अपना कर्ज होता है और इस कर्ज से मुक्त प्रभु की भक्ति है।

प्रभु की भक्ति से कर्म के कर्ज का भार उतरता है। अपने संपूर्ण जीवन में इंसान अनेकों कर्म पूरे करता है, अब उनका कर्ज उतारने के लिए उसे भक्ति भी संपूर्ण जीवन में करनी होगी। हुजूर कंवर साहेब जी ने कहा कि दुनिया की मोह नींद में हम ये भूल जाते हैं कि इस जीवन का अंतिम ठिकाना मौत है। जिंदगी के सारे प्रयत्न तो हम जीने के लिए कर रहे हैं और जो निश्चित है उस मौत को सुधारने के लिए कोई प्रयत्न ही नहीं करता है।



**जींद।** राधास्वामी आश्रम में संगत को वचन फरमाते हुए परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज व सत्संग में मौजूद साध-संगत।

## पत्नी की हत्या कर श्मशान में छिपा था आरोपी, गिरफ्तार

- नशे की वजह से दंपति में अक्सर होता था विवाद, पति ने कुल्हाड़ी के वार से की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

जांडली खुर्द गांव में शनिवार दोपहर हुई महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर ही आरोपी पति को काबू कर लिया। पुलिस से बचने के लिए वह श्मशान घाट में पौधों के बीच छिपा था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब महिला का अंतिम संस्कार किया गया तो माहौल बेहद गमगीन हो गया। इस दौरान 12 वर्षीय बेटी और 9 वर्षीय बेटा अपनी मां की अर्थी से लिपटकर जोर-जोर से रोते हुए उसे पुकारते रहे। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

भूना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि शनिवार की दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जांडली खुर्द में एक महिला सुदेश को उसके पति सुखविंद्र सिंह उर्फ घोघड़ ने गंभीर चोटें मार दी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस मामले में शिकायतकर्ता राजबीर उर्फ राजू निवासी हसनगढ़ जिला हिसार ने बयान दिया कि उसकी बहन सुदेश की शादी गांव जांडली खुर्द निवासी सुखविंद्र सिंह उर्फ घोघड़ के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। उसने आरोप लगाया कि सुखविंद्र अक्सर उसकी बहन के साथ नशे को लेकर मारपीट करता था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 7 मार्च को उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके बहनोई ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी बहन की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही वह अपने परिवार के साथ गांव पहुंचा, जहां उसकी बहन का शव घर के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया।

# तांबा महंगा व रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में वृद्धि

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं।

■ कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जब मांग बढ़ने वाली है

फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

## लागत की भरपाई के लिए एसी हुआ 5 से 15 फीसदी महंगा

### इस साल बिक्री की गति मजबूत रहेगी

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।



*नए ऊर्जा मानक से उत्पाद अधिक कुशल : जावा ने कहा, ''नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।''*

### ग्राहकों को तुरंत बड़ा असर महसूस नहीं होगा

जावा ने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

### मूल्य समायोजन किया जा रहा

टाटा समूह की कंपनी वोल्टास भी कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ी है, जिसे देखते हुए यह मूल्य समायोजन किया जा रहा है।

### डाइकिन उत्पादों के दाम 7-12 प्रतिशत बढ़ाएगी

डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।' साल 2025 रूम एयर-कंडीशनर उद्योग के लिए अच्छा नहीं था, क्योंकि बेमौसम बारिश और दूसरे कारणों से बिक्री पर असर पड़ा था।

## खबर संक्षेप

### मेटा ने सोशल मीडिया पाबंदी पर चेताया




**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की घोषणा के बीच कंपनी मेटा ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध लागू करने वाली सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाबालिग उपयोगकर्ता असुरक्षित और अनियंत्रित मंचों का रुख न कर लें। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के 'प्रतिबंध समान रूप से लागू होने चाहिए।

### अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी।

### भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की भागीदारी 19 फीसदी बढ़ी

**मुंबई।** भारत में भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसमें वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वर्गों, उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं और दूसरी श्रेणी के बाजारों में भर्ती का विस्तार प्रमुख रहा। फरवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच भर्ती विज्ञापनों के रुझानों के से यह निष्कर्ष सामने आया है।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भानुमूर्ति ने कहा, कच्चे तेल में हुई तेजी से वृद्धि

## पश्चिम एशिया संकट से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता प्रतिकूल असर

## महंगाई बढ़ने की आशंका



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल और गैस के दाम में तेज वृद्धि से देश में महंगाई बढ़ने, रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने यह कहा।

अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत में तेज वृद्धि हुई है और यह 2023 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव बीते शुक्रवार को लगभग 8.5 प्रतिशत चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया जो एक सप्ताह पहले 70 डॉलर के आसपास था। वहीं अमेरिकी मानक न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 12.2 प्रतिशत बढ़कर 90.9 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एलएनजी की कीमतें 50 फीसदी तक बढ़ी

*28 फरवरी को समाप्त सप्ताह की तुलना में ब्रेंट क्रूड के भाव में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से होगा।''*

### व्यापार और चालू खाता घाटा होगा प्रभावित



अर्थशास्त्री ने कहा, ''तेल बाजारों में कीमतों में तेज वृद्धि हमारे व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को भी प्रभावित करेगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में वृद्धि को देखते हुए, घरेलू खुदरा कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तो देश में तेल की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। खुदरा बाजारों में गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं।''

### तेल 10 डॉलर बढ़ने से मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी बढ़ती है

ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) की कीमतों में और वृद्धि तथा कच्चा तेल के 100 डॉलर या उससे अधिक होने से मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति पर वैश्विक तेल कीमतों के प्रभाव का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि से मुद्रास्फीति में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

### कतर ने पहले ही गैस उत्पादन किया बंद

भानुमूर्ति ने कहा, ''कतर ने पहले ही गैस उत्पादन बंद कर दिया है। हालांकि, भारत के रूस से तेल आयात करने से विश्व तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है। लेकिन गैस चिंता का विषय बनी रहेगी। खुदरा स्तर पर, चूंकि कई क्षेत्रों में गैस और तेल एक दूसरे के पूर्ण विकल्प हैं, इसलिए तेल पर गैस की कीमतों का व्यापक प्रभाव पड़ेगा।''

- मिडिल ईस्ट में जारी संकट से गैस के दाम में तेजी आई
- रुपए के विनिमय दर में भी गिरावट दर्ज की जा रही
- ब्रेंट क्रूड का भाव 8.5% चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

*होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है*

*उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से ऊर्जा व्यापार के लिए,सबसे महत्वपूर्ण और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है।*

### तेल कंपनियों के पास बोझ सहने पर्याप्त वित्तीय क्षमता

उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने साफ कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

# जोधपुर में बनेगा वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो का अत्याधुनिक विस्तार




ब्यूरो ▸▸| जोधपुर/चंडीगढ़

- बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर
- पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल 14 मार्च तक राजस्थान के दौरे पर

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ द्वारा पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ पत्रकारों का पत्रकार दल 08 से 14 मार्च 2026 के दौरान राजस्थान के दौरे पर है। पत्रकारों का प्रदेश में दौरे का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति तथा विभिन्न विभागों की बेस्ट प्रेक्टिसेस का अवलोकन एवं प्रचार प्रसार करना है। पीआईबी चंडीगढ़ के पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने जोधपुर में रेलवे द्वारा संचालित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के अंतर्गत भगत की कोठी वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो की प्रगति का अवलोकन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में भगत की कोठी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विकसित किए जा रहे वंदे भारत स्लीपर कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 195 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से यहां अत्याधुनिक बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# द मुथूट ग्रुप की महिला दिवस फिल्म करवाती है एक सशक्त एहसास

एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो हमारे जीवन को शक्ति प्रदान करती है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महिला दिवस के अवसर पर द मुथूट ग्रुप ने उन असाधारण महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो चुपचाप हमारे दैनिक जीवन को शक्ति प्रदान करती हैं। इस फिल्म के माध्यम से मुथूट ग्रुप ने परिवार और कार्यस्थल दोनों को समान रूप से संवारने में महिलाओं की अमूल्य भूमिका को स्वीकार किया है।

यह फिल्म उन महिलाओं के अक्सर अनदेखे और निरंतर प्रयासों को उजागर करती है, जो घर, परिवार की देखभाल और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए हर दिन जीवन को सुचारु रूप से आगे बढ़ाती हैं। रोचक और विचारोत्तेजक कहानी के माध्यम से प्रस्तुत इस फिल्म में एक प्रभावशाली भूमिका परिवर्तन दिखाया गया है। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अचानक खुद को उन दैनिक जिम्मेदारियों का अनुभव करते हुए पाता है, जिन्हें सामान्यतः उसके जीवन की महिला निभाती है।

### ई-कॉमर्स निर्यातकों को ऋण सहायता के दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** डाक या कूरियर के जरिये कम से कम छह महीने से निर्यात करने वाले और ई-कॉमर्स के माध्यम से बिक्री के लिए विदेशों के गोदामों में अपना माल रखने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अब 25,060 करोड़ रुपये के ''निर्यात प्रोत्साहन मिशन'' के तहत ऋण सहायता मिल सकेगी।

### भारत का कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की और रुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Sagar Sharma
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Uco bank a body corporate through its Branch Manager Sachin Kumar
Vs.
Chatru deceased through alarge no. Anguri
CNR No. HRSOA0-000535-2020
Next Date : 16.04.2026
It is therefore prayed that a decree under order 34 rule 6 composite decree be kindly passed in favour of the plaintiff bank against the defendants jointly and severally for the recovery an amount of Rs.801603/- alongwith interest at the rate of 11.70% per annum with half yearly rests plus 2% penal interest costs and charges as detailed in the plaint from 01.12.2020 till date of payment.
PUBLICATION ISSUED TO :-
Chatru deceased through his LR's
(I) Anguri widow of Late Chatru son of Jage (IV) Sarbar son of Late Chatru son of Jage (V) Pooja daughter of Late Chatru son of Jage (VI) Subash son of Chatru son of Jage All R/o Village Panchi Jattan Tehsil Ganaur District Sonepat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 16.04.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 07.03.2026

# मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की अहम भूमिका : अदाणी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया।

■ मेरी सफलता की नींव उन मूल्यों पर टिकी, जो मुझे परिवार से मिले

### अदाणी ने परिवार को दिया धन्यवाद

अदाणी ने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। अदाणी ने अपनी मां को संस्कार देने के लिए, पत्नी प्रीति को उनका पथ-प्रदर्शक (विवेक) बनने के लिए, अपनी दोनों बहुओं परिधि और दीवा को परिवार में शक्ति, प्रतिभा और नया दृष्टिकोण लाने के लिए धन्यवाद दिया।



### पत्नी की भूमिका की सराहना

*अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। चेयरमैन ने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है।*

**बहुओं की प्रशंसा :** अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में /"नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा/" लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया।

### करियर बनाने 16 साल में घर छोड़ा

अदाणी ने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6159




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6158 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |




मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक, वन्य जीवों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध

# देश में पहली बार नेशनल हाईवे पर बनाई लाल पट्टियों वाली अनोखी सड़क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैसे तो भारतीय सड़कों पर अक्सर आपने सफेद और पीली पट्टियां देखी होंगी, लेकिन क्या आपने कभी हाईवे के बीचों-बीच चमकदार लाल पट्टियां बिछी नहीं देखी होंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने मध्य प्रदेश में एनएच 45 के एक हिस्से पर लाल रंग की उभरी सड़क तैयार की है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर-भोपाल हाईवे (एनएच-45) पर सफर करने वाले यात्री इन दिनों एक अनोखे नजारे के गवाह बन रहे हैं। यह हिस्सा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है। इसके पीछे का मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक है। इसका उद्देश्य है ड्राइवर को पहले से चेतावनी मिले और जंगल के जानवर सुरक्षित रहें।



## हादसों की डरावनी हकीकत

तेज रफ्तार वाहनों की वजह से बाघ, तेंदुआ, हिरण और अन्य जानवर सड़क पार करते समय हादसों का शिकार होते थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 2 सालों में मध्य प्रदेश में 237 वन्यजीव वाहन टक्कर के मामले सामने आए, जिनमें 94 जानवरों की मौत हुई। एनएच 45 का यह हिस्सा पहले डेंजर जोन माना जाता था।इस हाईवे के करीब 12 किलोमीटर लंबे सेक्शन में 25 वाइल्डलाइफ अंडरपास बनाए गए हैं। फेंसिंग और दूसरे स्मार्ट सेफ्टी इंतजाम भी किए गए हैं। पूरा काम टू लेन से फोर लेन विस्तार परियोजना का हिस्सा है।

## देश के लिए मिसाल

यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। जंगलों और वन्यजीव क्षेत्रों से गुजरने वाले दूसरे हाईवेज पर भी इस मॉडल को अपनाया जा सकता है। यह पहल दिखाती है कि सड़कें सिर्फ दूरी नहीं घटातीं, बल्कि जिम्मेदारी का रास्ता भी दिखा सकती हैं। यह सिर्फ रंग का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे का मनोविज्ञान ड्राइवरों को सतर्क करना है।

## क्या है लाल उभरी सड़क और कैसे करती है काम

एनएच 45 के करीब 2 किलोमीटर हिस्से पर 5 एमएममोटी लाल रंग की टेबल टॉप मार्किंग की गई है। यह रंग इतना चटकीला है कि ड्राइवर को दूर से ही समझ आ जाता है कि आगे जंगल का इलाका शुरू हो रहा है। सड़क की सतह हल्की उभरी हुई है, जिससे वाहन गुजरते समय हल्का झटका महसूस होता है और स्पीड अपने आप कम हो जाती है।

## क्यों चुना गया वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व साल 2023 में मध्य प्रदेश का 7वां टाइगर रिजर्व बना था। यह इलाका सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में फैला हुआ है। यहां बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है और फिलहाल करीब 26 बाघ मौजूद बताए जाते हैं। इसी वजह से यह हाईवे हिस्सा वन्यजीव टकराव के लिहाज से बेहद संवेदनशील था।

# पंजाब का बजट: हर महिला को 1000 और अनुसूचित जाति की महिला को 1500 मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,60,437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। पंजाब की मान सरकार ने महिला दिवस पर "मुख्यमंत्री मावा-धीयां सत्कार योजना" शुरू करने का ऐलान किया है. इसके तहत 18 साल से ऊपर की महिलाओं को 1000 रुपये और अनुसूचित जाति (एससी )महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। सरकार के अनुसार करीब 97 फीसदी महिलाएं इस योजना के दायरे में आएंगी। पिछले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आम) ने महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का वादा किया था, जिसे उनसे सत्ता में आने के लगभग चार साल बाद पूरा किया। पंजाब की लगभग 97 प्रतिशत वयस्क महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी और बजट में इसके लिए 9,300 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। चीमा ने कहा कि वर्तमान या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, वर्तमान और पूर्व सांसद/विधायक और आयकरदाता इस योजना के दायरे में नहीं आएंगे। 'मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना' (मुख्यमंत्री मां-बेटी सत्कार योजना) के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह और अन्य महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। चीमा ने 2,60,437 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ बजट पेश करते हुए दावा किया कि पंजाब के लोगों से किया गया हर वादा पूरा कर दिया गया है। चीमा ने कहा कि यह नई योजना न केवल भारत की बल्कि महिलाओं के लिए दुनिया की पहली 'सार्वभौमिक नकद अंतरण' योजना होगी। पंजाब में 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला इस योजना के तहत नामांकन के लिए पात्र होगी।



■ वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,60,437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

## खबर संक्षेप

### उत्तम नगर हत्याकांड आरोपी के घर गिराया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सि बीच रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है।

### कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी।



### 28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। 'एक्स' पर लिख जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं।



# राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे पर सियासत गरमाई

ममता बोलीं- अगर आप 50 बार आएंगी तो हर कार्यक्रम में नहीं जा पाऊंगी | राट्रपति बोलीं-ममता छोटी बहन की तरह वह उन्हें बहन की तरह ही प्यार करती हैं | शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे पर सियासत नहीं थम रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर तीखा हमला किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की नाराजगी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अगर राष्ट्रपति 50 बार भी राज्य में आएंगी, तो उनके लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। ममता ने भाजपा पर राष्ट्रपति को राजनीति में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि वह केवल एक बार के दौरे पर रिसीव करने जा सकती हैं। ममता ने कहा कि सॉरी मैडम, मैं आपका सम्मान करती हूं, लेकिन अगर कोई 50 बार आए तो हर कार्यक्रम में मेरा शामिल होना संभव नहीं है। ममता ने कहा कि राष्ट्रपति को भाजपा अपना एजेंडा चलाने के लिए भेज रही है और चुनाव से पहले उनके साथ राजनीति न की जाए। उन्होंने यह भी पूछा कि मणिपुर, राजस्थान और महाराष्ट्र में आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में राष्ट्रपति सवाल क्यों नहीं उठाए।

*राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला*





## कार्यक्रम ही की जानकारी नहीं थी

ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया कि जिस कार्यक्रम में शामिल न होने पर नाराजगी जताई गई, उस कार्यक्रम के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। ममता बनर्जी ने कहा कि उस कार्यक्रम के आयोजकों, फंडिंग या आयोजन को लेकर राज्य सरकार को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्रपति राज्य में आती हैं या जाती हैं तो इसकी सूचना मिलती है, लेकिन संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। और न ही राज्य सरकार उस कार्यक्रम का हिस्सा थी। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे राष्ट्रपति का उपयोग अपने एजेंडे के लिए कर रहे हैं।



## घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया। सभी को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का सम्मान करना चाहिए।

## बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक: भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।



सीजेआई की हाईकोर्ट कॉलेजियम से अपील

# महिला वकीलों को जज नियुक्ति पर विचार करे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को न्यायपालिका में अधिक संस्थागत सुधारों की वकालत की, ताकि अधिक महिलाएं विधि क्षेत्र में आ सकें। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम को न्यायाधीश पद के लिए बार की मेधावी महिला सदस्यों पर एक नियम के रूप में विचार करना चाहिए, न कि अपवाद के रूप में। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि बार के सदस्यों को एक साधारण सी वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए: महिला सदस्य रियायतें नहीं मांग रही हैं। उन्होंने 'इंडियन वीमन इन लॉ' के पहले सम्मेलन में हाफ द नेशन-हाफ द बेंच, ब्रिज द गैप-बैलेंस द बेंच विषय पर कहा कि वे निष्पक्ष और उचित प्रतिनिधित्व की मांग कर रही हैं, जो लंबे समय से लंबित है।

जब स्वयं यह पेशा इस सत्य को आत्मसात कर लेगा, तभी न्यायपालिका तक पहुंचने का मार्ग स्पष्ट होगा। इस पर वहां मौजूद महिला वकीलों और न्यायपालिका के सदस्यों ने काफी तालियां बजाईं। प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम से अनुरोध किया कि वे अपने विचार क्षेत्र का विस्तार करें और उच्चतम न्यायालय में वकालत कर रही अपने-अपने राज्यों की महिला अधिवक्ताओं को पदोन्नति के लिए शामिल करें।

## सुधार आकस्मिक घटना नहीं



न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा था कि यदि प्रगति को सार्थक बनाना है, तो उसे संस्थागत रूप देना होगा। कहानी यह नहीं होनी चाहिए कि किसी एक व्यक्ति को अधिक प्रतिनिधित्व मिला, बल्कि यह होनी चाहिए कि उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों ने समझ-बूझकर निष्पक्षता को अपनी प्रक्रियाओं में समाहित किया। हम सभी को यह समझना चाहिए कि इस प्रकार का सुधार कोई आकस्मिक घटना नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है। संस्थागत निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत कार्यकाल और व्यक्तिगत व्यक्तित्व से परे दृढ़ता की आवश्यकता होती है। यह मेरे कार्यकाल में, या मेरे साथी न्यायाधीशों के कार्यकाल में पूरी तरह से साकार नहीं हो सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पति के वेतन से हर माह 25 हजार काटकर पत्नी के खाते में भेजो...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति के नियोक्ता को निर्देश दिया कि वह उसके वेतन से हर महीने 25 हजार रुपये काटकर सीधे उसकी अलग रह रही पत्नी के बैंक खाते में जमा करे। यह राशि पत्नी और उनकी नाबालिग बेटी के भरण-पोषण के लिए दी जाएगी। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने यह आदेश तब दिया, जब पाया कि पति पहले दिए गए अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहा था और 2022 से अलग रहने के बावजूद उसने पत्नी और बच्ची के लिए कोई भरण-पोषण राशि नहीं दी।

## पत्नी व बच्ची को भरण-पोषण नहीं देने पर नियोक्ता कंपनी को दिया निर्देश



### चार साल की बेटी मां के साथ

अदालत ने कहा कि दंपति की चार साल की एक बेटी है, जिसकी देखभाल पूरी तरह मां कर रही है। खंडपीठ ने यह भी दर्ज किया कि पिछले चार वर्षों में पति ने न तो बच्ची के पालन-पोषण में कोई योगदान दिया और न ही उससे मिलने का प्रयास किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता के लिए भेजा था और विवाह समाप्त करने के लिए एकमुश्त समझौते की संभावना तलाशने को कहा था।

### बच्ची के हितों को लेकर अदालत चिंतित

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से नाबालिग बच्ची के हितों को लेकर चिंता व्यक्त की। अदालत ने नोट किया कि बच्ची की परवरिश मां अकेले कर रही है और पिता के निधन के बाद वह फिलहाल अपने चाचा के घर रह रही है। अदालत ने इस मामले को आदेश के अनुपालन की जानकारी के लिए अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# कांग्रेस की 'गुलाम' है द्रमुक : पलानीस्वामी

**इरोड।** अन्नाद्रमुक प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर पलटवार करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अपने सहयोगी दल कांग्रेस की 'गुलाम' है। पलानीस्वामी ने इरोड के पेरुंथुरई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अंततः कांग्रेस पार्टी ने अपने सहयोगी द्रमुक को धमकाया और इस साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 28 सीटें हासिल कर लीं। पलानीस्वामी ने कहा कि द्रमुक को सत्ता से बेदखल करने के लिए उनकी पार्टी ने एक गठबंधन बनाया है और यह द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के विपरीत मजबूत, पारदर्शी और सौहार्दपूर्ण है।



# महिला दिवस: 'साड़ी वॉकथॉन 2026'



**ठाणे।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।


6 जनवरी को पश्चिम चंपारण से शुरू की गई थी

# नीतीश आज से अपनी 'समृद्धि यात्रा' फिर से शुरू करेंगे, 14 तक चलेगी

इससे पहले दिसंबर 2024 में अपनी राज्यव्यापी 'प्रगति यात्रा' शुरू की थी। यह यात्रा फरवरी 2025 तक चली थी।

भाषा ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार से अपनी 'समृद्धि यात्रा' फिर से शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। समृद्धि यात्रा 16 जनवरी को पश्चिम चंपारण जिले से शुरू की गई थी, लेकिन बिहार विधानसभा के बजट सत्र के कारण इसे रोकना पड़ा। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अरविंद कुमार चौधरी ने सभी विभागाध्यक्षों, पुलिस प्रमुखों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को लिखे एक पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री सोमवार से शुरू होने वाली 'समृद्धि यात्रा' के दौरान जारी सरकारी परियोजनाओं और अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे और लोगों से बातचीत भी करेंगे। मुख्यमंत्री 14 मार्च तक चलने वाली यात्रा के दौरान सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा का दौरा करेंगे। रविवार को राज्य प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को भेजे गए पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के दौरान जारी परियोजनाओं का भी निरीक्षण करेंगे। पत्र में कहा गया, ₹विभागों के सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, डीजीपी और परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा बैठकों में भाग लेंगे। कुमार ने इससे पहले दिसंबर 2024 में अपनी राज्यव्यापी 'प्रगति यात्रा' शुरू की थी। यह यात्रा फरवरी 2025 तक चली थी।




सदन 2 अप्रैल तक चलेगा, हंगामे के आसार

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, पहले ही दिन स्पीकर के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ कल ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा।

इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।



■ भाजपा ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया

■ लोस में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक का है समर्थन

**प्रस्ताव पर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे:** पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे। चर्चा के दौरान ओम बिरला अध्यक्षीय आसन पर नहीं बल्कि सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का जवाब दे सकेंगे। सदन की कार्यवाही उपाध्यक्ष या पैनल ऑफ चेयरपर्सन में शामिल सदस्य संचालित करते हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव के अलावा इन पर सदन में होगी चर्चा

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई ₹छूट₹ और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है। इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। अविश्वास प्रस्ताव के अलावा, ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, जिसके कारण कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान और कीमतों में वृद्धि हुई है, पर भी सत्र के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

## चिंतन

# राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं,ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।



मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

# दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

**शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार–विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।**

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक



वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है। इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

( लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण,प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्वपिक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित

## दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

## प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत सिर्फ शांति चाहता है

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस–यूक्रेन व इजराइल–अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन–सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

*– जयेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक–दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन–भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान–प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक–दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।



## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## ट्रेंड

### नारी शक्ति की उपलब्धियां

भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण हैं। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।


**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### लोकतंत्र पर सीधा हमला

आज हम जो देख रहे हैं वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।


**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**



### हमारी विदेश नीति

हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।


**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### हवाई किराए में वृद्धि

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com






## तिरंगा लहराया..पिच की मिट्टी चूमी, चैंपियन बनते ही भावुक हुए कप्तान सूर्यकुमार

# भारत ने लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतकर रचा इतिहास

**भारत ने फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 255 रन बनाया और शान से जीते**

**2007 में पहले संस्करण में महेंद्र सिंह धोनी व 2024 में रोहित की कप्तानी में कप जीता**

**सूर्यकुमार यादव का नाम भी विश्व विजेता कप्तानों में शुमार, देशभर में मनाया जश्न**

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी-20 विश्व कप दिलाया जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जायेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरूष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी। भारत ने




पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। मुंबई के चैंबूर में रहने वाले सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी-20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया।

**भारत-255/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 8 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

अतिरिक्त : आठ रन
योग: 20 ओवर में पांच विकेट पर 255 रन
विकेट पतन : 1-98, 2-203, 3-204, 4-204, 5-226
गेंदबाजी: हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

**न्यूजीलैंड: 159/10 (19)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरूण | 52 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 9 |
| रचिन रविंद्र का ईशान बो बुमराह | 1 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 5 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 3 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 8 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 6 |
| जैकब का तिलक बो अभिषेक | 3 |

अतिरिक्त : 12 रन
योग : 19 ओवर में 159 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरूण 3-0-39-1, अभिषेक 1-0-5-1

### कई ऊंचाइयां छुई



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इससे हमारे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देशवासियों को अपार खुशी और गर्व की अनुभूति हुई है। यह हमारे युवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद समृद्ध प्रतिभा का भी प्रमाण है। टी20 विश्व कप जीतकर टीम इंडिया ने इतिहास की कई ऊंचाइयां छुई हैं। टीम के हर खिलाड़ी, पूरे प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ को इस सामूहिक जीत के लिए प्रशंसा मिलनी चाहिए। मैं हमारी क्रिकेट टीम के भविष्य में भी निरंतर गौरव हासिल करने की कामना करती हूं।

### सूर्य ने आलोचकों को गलत साबित किया



विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार कहा कि मैं कप्तान बनने के पांच छह महीने के भीतर टीम को समझने लगा और जुड़ने लगा । फिर मुझे लगा कि बड़ा भाई या पिता बनने की जरूरत नहीं है। उन्हें खुद अपना रास्ता तय करने की आजादी देनी चाहिये ।' मैने रोहित के साथ काफी क्रिकेट खेली है । मुझे पता है कि वह कैसे काम करता था । किन जब वह खेल से विदा लेंगे तो उनका नाम एम एस धोनी, रोहित और कपिल देव के साथ लिया जायेगा।

### गंभीर के 'मिडास टच' का कमाल



जोश और अपने फैसले पर पूरा यकीन रखने के बीच बहुत पतली रेखा होती है और भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अक्सर इसी बीच संतुलन बनाकर चलते हैं। वह कभी जल्दबाजी नहीं करते और ना ही अपने फैसलों पर भरोसा खोते हैं। उनके पास काम करने का एक तरीका है और रविवार को भारतीय टीम का लगातार दूसरी आईसीसी टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतना इसका एक और शानदार उदाहरण था। इतिहास तय करेगा कि वह एक महान रणनीतिकार थे या नहीं।

## खबर संक्षेप

### अर्शदीप कौर ने जीता 25 मी. पिस्टल का टी3 ट्रायल

**नई दिल्ली।** अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।



क्वालीफाइंग दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सरनोबत को इससे पहले शूट ऑफ में दिव्या ने पछाड़ा था। मनु फाइनल में छठे स्थान पर रहीं।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला क्लासिक: संयुक्त 5वें स्थान पर रहीं दीक्षा

**मजेंडा शोर्स।** दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से ऑस्ट्रेलिया महिला क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया



और 2026 सत्र में पहली बार किसी टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा हवा और बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों के बीच अंतिम दौर में अंडर पार स्कोर बनाने वाली तीन खिलाड़ियों में शामिल रहीं। शीर्ष पांच में जगह बनाने की दौड़ में शामिल भारत की प्रणवी उर्स अंतिम दौर में छह ओवर 78 के बेहद खराब स्कोर से 14वें स्थान पर खिसक गईं।

### आईसीसी ने स्थगित की दोहा बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।



### लूसी ने लिए तीन विकेट

प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका, जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं, जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए।

## रैंडेल का कहर, पांच गेंदों पर चटकाए 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| नेपियर

ब्रेट रैंडेल ने नेपियर में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बीच प्लंकेट शील्ड मैच में इतिहास रच दिया। इस मैच की पहली पारी में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 4 रन था और टीम का कोई विकेट नहीं गिरा था, लेकिन इसके बाद रैंडेल ने कहर बरपा दिया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लिए। फिर नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट हो गया। रैंडेल का पहला शिकार हेनरी कूपर हुए, जो उनकी



सटीक इनस्विंगर पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जीत रावल आउट हुए और फिर जो कार्टर का विकेट लेकर रैंडेल ने अपनी हैट्रिक पूरी की। फिर उन्होंने रॉबर्ट ओ'डॉनेल को स्लिप में कैच कराया और क्रिस्टियन क्लार्क को आउट किया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लेने का कमाल किया।

**फुटबॉल**

## कनाडा ने अर्जेन्टीना को हराया शेरिडन ने बचाए दो पेनल्टी शूट



एजेंसी ▶▶| हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को दी शिकस्त, यमाल ने दागा शानदार गोल

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।



## डिकॉक, मिलर ने की आईसीसी की आलोचना, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज टीम भारत में फंसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है। डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं।



## जयपुर की पहचान : अमित पाबूवाल ने बनाई थी टी-20 विश्व कप ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आईसीसी टी-20 विश्व कप के रविवार को होने वाले फाइनल पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें रहेंगी तो वहीं जयपुर ने भी इस विश्व कप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है क्योंकि इसकी ट्रॉफी जयपुर में बनी है। जयपुर के प्रसिद्ध ट्रॉफी डिजाइनर अमित पाबूवाल ने इस ट्रॉफी को डिजाइन किया था।

इस ट्रॉफी को डिजाइन करने के पीछे की कहानी पाबूवाल ने बताई , उन्होंने कहा कि 2007 में विश्व कप ट्रॉफी की डिजाइन की रुपरेखा ऑस्ट्रेलिया की मिनाले ब्रायस कंपनी ने तैयार की थी। टी-20 विश्व कप का पहला सत्र 2007 में हुआ था, जिसमें भारत चैंपियन बना था।



### चांदी से ट्रॉफी पर चढ़ाई प्लेटिनम की परत

आईसीसी का कहना था कि इस ट्रॉफी का डिजाइन अन्य ट्रॉफी से अलग हो और दिखने में आधुनिक हो। इसके बाद ट्रॉफी के डिजाइन में सुधार के बाद चांदी से ट्रॉफी बनाई गई, जिस पर प्लेटिनम की परत चढ़ाई गई। इस तरह से ट्रॉफी टिकाऊ, आकर्षक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के योग्य विश्वस्तरीय रूप में तैयार हुई।

### टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया

पाबूवाल ने कहा, 'रूपरेखा तैयार होने के बाद इस ट्रॉफी को बनाने का काम आईसीसी ने मुझे सौंपा। मैंने क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी चांदी की फ्रेंडशिप कप ट्रॉफी बनाई। इस ट्रॉफी की दुनियाभर में चर्चा हुई। इसके बाद आईसीसी ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी बनाने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी।' उन्होंने दावा करते हुए कहा, ' शुरुआत में आईसीसी ने ट्रॉफी बनाने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया। इसे मैं तैयार करूं या प्रसिद्ध क्रिस्टल कंपनी स्वारोवस्की। अंततः आईसीसी ने मुझे इस ट्रॉफी का डिजाइन तैयार कर बनाने के लिए चुना।' पाबूवाल ने बताया कि आईसीसी की योजना थी कि ट्रॉफी टाइटेनियम और कांच के संयोजन से बनें। इसमें कुछ हिस्से धातु के और कुछ हिस्से कांच के हों, जिससे कि टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया जा सके।

**न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट**

# 103 मैच के बाद ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज




में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।

### 4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं। वह लगातार टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में शामिल रही हैं। 2023 में उन्हें आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में चुना गया था।

### ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है। सॉयर ने कहा कि अपने देश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेने पर उन्हें गर्व होना चाहिए। टीम के लिए उन्होंने नए मानक तय किए हैं।






# लेबनान में इजराइली हमला, 15 की मौत, बेरूत के होटल को निशाना बनाया, हिजबुल्लाह ने जवाबी हमले का दावा किया

*अमेरिका इजराइल बीते एक सप्ताह से ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसके बाद भी ईरान न झुकने को तैयार है न रुकने को। माना जा रहा है कि ये जंग करीब 6 माह तक चलेगी और पूरी दुनिया में इसका असर दिखाई देगा।*

- **खामेनेई की हत्या का बदला ले रहा है ईरान**
- **अमेरिका इस जंग में अब तक करोड़ों डॉलर फूंक चुका**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

लेबनान में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं। इस बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। संगठन ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मलिकिया सैन्य ठिकाने पर मौजूद इजराइली सैनिकों को रॉकेटों से निशाना बनाया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के किरयात शमोना शहर पर कामीकाजे ड्रोन हमले का भी दावा किया। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए माफी मांगी थी इसके बाद भी हमले**

**खाड़ी के कई देशों में दहशत का माहौल है और मिसाइलों की आवाजें सुनी जा रहीं**

## कुवैत बोला- हम पर 234 मिसाइल और 422 ड्रोन दागे गए

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच कुवैत ने कहा है कि पिछले शनिवार से अब तक उस पर 234 मिसाइल और 422 ड्रोन दागे गए हैं। यह जानकारी कुवैत के विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के मुताबिक इन हमलों में नागरिकों और सुरक्षाबलों के लोग भी हताहत हुए हैं। मृतकों में एक छोटी बच्ची, कुवैत की सशस्त्र सेनाओं के दो सदस्य और दो सीमा सुरक्षा गार्ड शामिल हैं। पिछले 24 घंटों में ड्रोन हमलों के बाद दो जगह आग लगने की घटनाएं भी सामने आईं। इनमें एक सरकारी टावर और कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगह लगी आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

### इजराइल की धमकी कहा-खत्म कर देंगे

*गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया ऐसे समय पर हो रही है, जब इजराइल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता को भी निशाना बना सकता है। हाल में ही इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की ओर से कहा गया कि अगर ईरान इजराइल के साथ अपना टकराव जारी रखता है, तो खामेनेई के उत्तराधिकारी को स्पष्ट रूप से खत्म करने का निशाना बनाया जाएगा।*

### उत्तराधिकारी का नाम नहीं बता रहा ईरान

*इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ईरान फैसला लेने के बाद भी नए नेता का नाम नहीं बता रहा है। माना जा रहा है कि सुरक्षा चिंता और राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण ऐसा किया गया है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा रहा है कि निर्णय लेने में देरी इजरायल की ओर से दी गई चेतावनी के कारण भी की जा रही है।*

## ईरान झुकने को तैयार नहीं कहा-ट्रंप को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे



ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने ट्रंप को सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कीमत चुकाने की चेतावनी दीअमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिनमें खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हैं और हथियार डालने से इनकार किया है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता की मौत हो गई और मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ गया। ईरान इसके बाद से अमेरिका के ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक कर रहा है। खामेनेई के करीबी सहयोगी लारीजानी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'हम अपने नेता और अपनी जनता के खून का बदला लिये बिना रुकेंगे नहीं। ट्रंप को कीमत चुकानी होगी और वह चुकाएंगे।'

## लेबनान में इजराइली हमलों में 394 की मौत,कई घायल

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में 83 बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 1130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर कर दी एयर स्ट्राइक

*इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली रक्षा बल के मुताबिक वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में व्यापक हमले किए।*

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई**

## अमेरिका को ईरान की दो टूक- कहा हम एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

### अमेरिका को दिया चुभने वाला जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा।

### हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ 'भाईचारे' और अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है।

## युद्ध के 9वें दिन रविवार को क्या-क्या हुआ?

- **ईरान पर भारी हमला:** शनिवार देर रात और आज सुबह अमेरिका और इजरायल ने तेहरान के 5 प्रमुख तेल ठिकानों और रिफाइनरियों को निशाना बनाया। तेहरान का आसमान धुएं और आग की लपटों से घिरा हुआ है।
- **ईरान का नया सर्वोच्च नेता:** खबर है कि ईरान की 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नया सर्वोच्च नेता चुन लिया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से नाम गुप्त रखा गया है।
- **संयुक्त अरब अमीरात पर हमला:** ईरान ने यूएई पर 117 ड्रोन और 17 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूएई ने इनमें से अधिकांश को नष्ट करने का दावा किया है, लेकिन एक ड्रोन हमले में दुबई में एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।
- **बहरीन और कुवैत:** ईरान ने बहरीन के एक 'डिसैलिनेशन प्लांट' (जल शोधन संयंत्र) और कुवैत के अल-अदिरी एयरबेस पर भी हमला किया है।

**खबर संक्षेप**


### जंग के बीच भारत ने तेज किया नागरिकों का रेस्क्यू




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के बीच भारत सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे संपर्क में रहें और जरूरत वाले हर नागरिक तक पहुंचने के लिए संबंधित देशों की सरकारों के साथ निरंतर समन्वय कर रही है। शनिवार देर रात जारी बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के आंशिक रूप से खुलने के बाद अब तक 52,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं।

### भारत के लोग खुद फैसले लेने वाले हैं: कमल हसन

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक



ओपन पत्र लिखा है। पत्र में हासन ने ट्रंप को अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने ट्रंप की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रुस से तेल खरीदने की अस्थायी छूट दी है। हासन ने एक्स पर लिखा- सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। हम किसी दूसरे देश से आदेश नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखिए। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है।

भारत दौरे के बाद फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की विदाई

# डिजिटल-तकनीकी साझेदारी पर समझौता भारत और फिनलैंड के संबंध नए मुकाम पर

- **भारत और फिनलैंड के संबंधों में स्थायित्व का दौर: अलेक्जेंडर स्टब**
- **जयशंकर ने कहा-दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं, इस पर सहमत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने रविवार को भारत का अपना राजकीय दौरा पूरा किया। इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। राष्ट्रपति स्टब का यह दौरा भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है, जिसमें दोनों देशों ने तकनीक, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति स्टब के भारत दौरे को बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक बताया। मंत्रालय ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति स्टब की भारत यात्रा के साथ एक सफल और उपयोगी दौरा संपन्न हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान भारत और फिनलैंड के संबंधों ने एक नया मुकाम हासिल किया है। दोनों देशों के बीच संबंध अब "डिजिटलाइजेशन और स्थायित्व में रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक पहुंच गए हैं। इस साझेदारी से भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने भारत दौरे के दौरान राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में दोनों नेताओं ने विशेष रूप से उभरती हुई तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी और 6जी टेलीकम्युनिकेशन, एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे।

### एस. जयशंकर के विचारों का किया समर्थन



राष्ट्रपति स्टब ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के यूरोप से जुड़े एक बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यूरोप को यह समझने की जरूरत है कि दुनिया की समस्याएं केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, मध्य पूर्व और सूडान जैसे संघर्ष केवल क्षेत्रीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि वैश्विक समस्याएं हैं, जिनका समाधान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी से ही संभव है। राष्ट्रपति स्टब की यह यात्रा भारत और फिनलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग का संकेत मानी जा रही है।

ओली ने बालेन को दी बधाई

## बालेंद्र शाह ने पीएम ओली को भारी मतों से हराया, पीएम की राह मजबूत

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल में चुनावो में आरएसपी के बालेंद्र शाह ने पीएम केपी ओली को भारी मतों से हराकर सरकार बनाने की राह पर कदम रखा है। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पीएम पद के उम्मीदवार हैं, उन्होंने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी– सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली को करीब 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया।

बांग्लादेश में काली मंदिर पर अटैक

## राक्षस के वेश में आए थे पूजा के दौरान बैग में बम रखकर भागे

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक काली मंदिर में पूजा के दौरान कुछ नकाबपोश हमलावरों ने बम से हमला कर दिया। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद पूरे इलाके में डर और तनाव का माहौल बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना उस समय हुई जब मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग चेहरे पर राक्षस का मास्क लगाकर मंदिर परिसर के पास पहुंचे और बैग में बम रखकर भाग गए। आरती के वक्त अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट की आवाज सुनते ही मंदिर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28